राजस्थान में वन क्षेत्र

2396. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान राज्य के पुनर्गठन के समय राजस्थान के कितने भाग में वन थे, और वन भूमि का क्षेत्रफल कितना था ;

(ख) इस समय राजस्थान के कितने भाग में वन हैं और उसका क्षेत्रफल कितना है ;

(ग) क्या सरकार वन रोपण पर भारी धन राशि खर्च किये जाने के बावजूद भी वन क्षेत्र में होने वाली भारी कमी के कारणों की उच्चस्तरीय जांच के आदेश देगी ; और

(घ) राज्य के कुल वन क्षेत्र में से कितना क्षेत्र आखेट अभ्यारण्य, टाइगर परियोजना और अभ्यारण्य के अन्तर्गत है, क्या गत 30 वर्षों के दौरान कोई नया वन क्षेत्र विकसित किया गया है ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री नीलमणि राउतराय) : (क) और (ग) सूचना राज्य सरकार से एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा उपग्रह प्रतिविम्बिकी का प्रयोग करके किये गये सर्वेक्षण के अनुसार 1985–87 की अवधि के दौरान राजस्थान में 12,966 वर्ग किलोमीटर भूमि पर वन थे । ये वन मुख्य रूप से उदयपुर, बांसवाड़ा, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, जयपुर और सिरोही जिलों में हैं ।

(घ) राजस्थान में वन्यजीव अभ्यारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों और बाघ रिजर्वों का क्षेत्रफल नीचे दर्शाया गया है :–

स्टेट आफ फारेस्ट रिपोर्ट 1989 के अनुसार

	वर्ग कि०मी०
रिकार्डेड वन क्षेत्र	3,115
(1) बाघ रिजर्वों का क्षेत्रफल	1,625
(2) वन्यजीव अभ्यारण्यों का क्षेत्रफल	8,938
(3) राष्ट्रीय उद्यानों का क्षेत्रफल	692

सरिस्का और रणथम्भोर के बाघ रिजर्वों सहित 1960 से 24 अभयारण्यों और 3 राष्ट्रीय उद्यानों की स्थापना की गई है ।

Saving environment from pollution

2397. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether the Minister of State for Environment and Forests has recently called for concerted efforts to save the environment from pollution;

(b) if so, whether any concrete proposals have been formulated in this regard; if so, the details thereof; and

(c) by when they are likely to be introduced?

THE MINISTER OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI NILAMANI ROUTRAY): (a) Minister of State for Environment and Forests has, in her various speeches, called for concerted efforts to control pollution.

(b) and (c) The Ministry of Environment and Forests has been taking several measures from time to time for control of pollution, these include regulatory and fiscal measures.